हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 विधायक सहित जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया सहभाग

07 अब शिक्षक नहीं आ रहे समय पर स्कूल ...


### निचली बस्तियों और कॉलोनियों में नहीं है बारिश के पानी की निकासी

# झमाझम बरसात ने खोल दी ड्रेनेज की पोल, घरों तक पहुंचा नाले का बैकवॉटर

शहर की अधिकांश कालोनियों में बारिश के पानी की निकासी न होने व नाले का बैकवॉटर घरों तक पहुंचने से लोग परेशान हो रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले पांच दिनों से जारी बारिश के कारण शहर की ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खुलने लगी है। जहां शहर की अनेक कालोनियों में पानी निकासी नहीं होने से पानी भरा गया वहीं नाले एवं नालियां भी चौक हो गई हैं। नगर पालिका की बारिश के पूर्व की गई नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को उजागर करते हैं।

शहर की निचली बस्तियों में शामिल संजय नगर कालोनी, ग्वालटोली, आदमगढ़ आदि क्षेत्रों में अनेक स्थाना पर पानी भरा गया है जो निकासी न होने की वजह से जमा हुआ है। जमा हुए पानी की वजह से आए दिन लोगों के घरों में जहरीले जीव जंतु घुस रहे हैं वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इस समस्या के लिए नगर पालिका परिषद को जल निकासी व्यवस्था बनाने की जरूरत है।



### ओव्हर फ्लो हुए नाले, घरों में घुसा गंदा पानी

नगर में आवासीय घरों के गंदे पानी को निकलने के लिए कई बड़े नाले हैं जो हमेशा बहते रहते हैं। इनकी सफाई होती रहनी चाहिए। लेकिन इनकी बेहतर सफाई न होने के कारण कई नाले जाम हो गए है जिनका बैकवॉटर ओव्हरफ्लो होकर सड़कों और कालोनियों के घरों में पहुंच रहा है। वही शहर की कई कॉलोनी है जहां पर बरसात का पानी निकलने की व्यवस्था नहीं होने से बैक वॉटर लोगों के घरों के अंदर पहुंच गया है और जीव जंतु भी बाहर निकल आए हैं । इससे वे परेशान हैं और रखवाली कर रहे हैं। कई घरों में पानी घुस गया है । लोगों का निकलना मुश्किल है ।दूसरी ओर मालाखेड़ी क्षेत्र में नाली व्यवस्था नहीं होने से लागों के घरों के सामने पानी और गंदगी जमा है और नगर पालिका प्रशासन द्वारा सफाई नहीं की जा रही है। नागरिकों ने सफाई व्यवस्था कराये जाने के लिए नपा से मांग की है।

### जवाबदार और जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान, नागरिक हो रहे हैं परेशान

नंद विहार कॉलोनी में रहवासी इन दिनों बारिश के पानी से परेशान हो गए हैं। कॉलोनाइजर ने ध्यान नहीं दिया । नाले का बैक वॉटर घरों में घुस रहा है जिससे रहवासी परेशान हैं । इसको लेकर लोगों ने हर जगह शिकायत की कमिश्नर को भी आवेदन दिया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया । अब तेज बारिश से लोगों के मेन गेट के अंदर तक पानी घुस गया है जिससे वे भी परेशान हो रहे हैं। कमर कमर तक पानी से बाइक ले जा रहे हैं वहीं पूरी गली जलमग्न हो गई है । पहले नालों की व्यवस्था नहीं करने से पानी निकासी नहीं हो रही है । समय-समय पर इसकी शिकायत रहवासी करते हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं देते। वहीं हर साल बारिश में ऐसा ही हाल होता है।नंद विहार कालोनी फेस 2 में नाले का बैकवाटर 80 प्रतिशत तक घरों के अंदर आ जाता है। लोगों का कहना है कि अब बारिश में दिक्कत हो रही है। मुख्य गेट तक पानी घुस गया है निकलना मुश्किल हो रहा है।

# नागद्वारी मेला अपने चरम पर, 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए पद्मशेष नाम देवता के दर्शन

### जंगलों का रोमांच और आस्था की यात्रा से सराबोर हो रही शिवनगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मानसून, पचमढ़ी की नैसर्गिक सुंदरता, और नागद्वारी मेले में भक्तों का हुजूम। सतपुड़ा की रानी इन दिनों इन तीनों के संगम से अलौकिक आस्था का केंद्र बनी हुई है। नागद्वारी यात्रा ट्रैक जिसमें पचमढ़ी से लेकर पद्मशेष नाग द्वारा गुफा तक के रास्ते में पहाड़ों, पगडंडियों, चट्टानों, पहाड़ी नदियों, झरनों, गुफाओं सभी स्थानों पर हर हर महादेव के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। भक्तों के उत्साह एवं आस्था के कारण यह दुर्गम रास्ते भी उन्हें सीधी सपाट सड़क की तरह लग रहे हैं। पचमढ़ी में चल रहे नागद्वारी मिले में अब तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालु पद्मश शेष नागद्वार गुफा के दर्शन कर चुके हैं। मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में इतनी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना एवं कठिन तथा निर्जन रास्तों को पार करने के उपरांत अपने आराध्य देवता के दर्शन करना नैसर्गिक सौंदर्य की खान पचमढ़ी को एक देवभूमि भी प्रतिबिंबित कर रहा है।

वहीं प्रशासन द्वारा नागद्वारी मेले में प्रशासन द्वारा व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है। कदम कदम पर पुलिस एवं होमगार्ड के जवान तैनात है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए होमगार्ड जवानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग का अमला भी 24x7 मेले में उपलब्ध है। मूसलाधार बारिश के चलते कई स्थानों पर रास्ते खराब हो जाने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा जेसीबी मशीनों की सहायता से सड़कों एवं अन्य स्थान की मरम्मत कर उन्हें आवा का मन के लिए सुगम बनाया जा रहा है। भारी बारिश में होमगार्ड जवान पूरे नागद्वारी ट्रैक में तैनात होकर भक्तों को कठिन रास्तों को पार करने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंडलों द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सहायता से नागद्वारी मेला भक्ति एवं सेवा भाव की अनूठी मिसाल बन जाता है। नागपंचमी मेले में महाराष्ट्र के अलग अलग जिलों से सेवा मंडल पचमढी पधारते हैं। इस वर्ष 44 मंडल अपनी सेवाऐ देने हेतु पचमढी पधारें हैं। नागपंचमी मेला श्रवण मास में लगता है, वन अभ्यारण के अंतर्गत होने के कारण पूरे साल उक्त स्थल बंद रहता है। नागपंचमी मेले के 10 दिवस पूर्व से ही इसे खोला जाता है।

महाराष्ट्र से आने वाले भण्डारें मेला अवधि से 5 दिन पूर्व ही दुर्गम स्थल जलगली, कालाझाड, चिंतामन, चित्रशाला, पश्चिम द्वार, स्वर्गद्वार, पंचमुखी द्वार, नागद्वार एवं काजरी में पहुँच कर पूर्व से ही श्रद्धालूओं के लिये निशुल्क भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था करते हैं। पचमढी आने के बाद जिप्सी वाहन में सामग्री को लोड कर काजरी स्थल तक जाते हैं, उसके उपरांत प्रत्येक मंडल मजदूरों की सहायता से सामग्री लेकर अपने अपने स्थान पर भंण्डारे लगाने चले जाते हैं।

# कलश यात्रा के साथ नवांकुर सखी योजना का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड सिवनी मालवा द्वारा हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखी योजना का ग्राम धामनिया में शुभारंभ बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा केसाथ किया गया।

विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा सर द्वारा सखी योजना में ग्राम की महिलाएं बच्चों का सखी योजना में सम्मिलित हुए इस अभियान में ग्राम की महिलाओं को फलदार वृक्ष आम जाम जामुन नीम आदि के वृक्ष पौधे एवं बीज वितरण किए गए । वहीं हरिदास दायमा द्वारा नवांकुर सखी योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

नवांकुर सखी अभियान में विकासखंड समन्वयक दायमा लक्ष्मी समाज कल्याण समिति सेक्टर नंबर 5 बासनीया से सुगना लोवंशी संध्या राठौर परामर्शदाता सेवन दास लोवंशी एवं ईश्वर बिश्नोई राजेश सराठे आशा घनश्याम राजपूत सरपंच अर्जुन राजपूत सत्यनारायण लौवंशी संतोष लौवंशी आमिर यदुवंशी नेतराम लोवंशी बंशीलाल लोवंशी मोनिका सोनी आदि मौजूद रहे।

# जिले में अब तक 761.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज, गत वर्ष हुई थी 551.5 औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल में इन दिनों मानसून मेहरबान है। सभी विकासखण्डों में जोरदार बारिश हो रही है हालाकि रविवार को मौसम खुला रहा और बारिश नहीं हुई लेकिन दिन भर बादल छाए रहे और तापमान करीब न्यूनतम 26 डिग्री के पास तक रहा। जिले में इस सीजन में अभी तक औसत से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। जो किसानी के लिहाज से फायदेमंद है। जिले में अब तक जिले में 761.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 551.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 26 जुलाई से 27 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 36.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 32.0 मिलीमीटर, इटारसी में 17.8 मिलीमीटर, माखननगर में 20.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 53.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 8.6 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 12.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 15.2 एवं तहसील डोलरिया 23.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 953.20 फीट है, तवा जलाशय का 1159.30 फीट है, बरगी जलाशय का 420.05 मीटर एवं बारना जलाशय 346.50 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। वहीं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# विहिप व बजरंग दल का प्रखंड का हुआ अभ्यास वर्ग संपन्न, कार्यकर्ताओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इटारसी नगर एवं ग्रामीण प्रखंड का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग उत्साहपूर्वक एवं अनुशासन के साथ श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्री राम दरबार पर मल्यार्पण करके व संगठन की रीति ॐ का उच्चारण एवं विजय महामंत्र के द्वारा की गई। मंचासीन वक्ताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

अभ्यास वर्ग में नगर व ग्रामीण से वार्ड समिति बस्ती समिति एवं खंड समिति अपेक्षित थीं। इसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की आगामी कार्ययोजना और जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। आत्मरक्षा, प्रचार-प्रसार, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों पर भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिवजी राठौर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु सदैव सजग रहना चाहिए। संगठन के अभ्यास वर्गों से ही विचार स्पष्ट होते हैं और कर्तव्यबोध जागृत होता है। ऐसे वर्गों के द्वारा युवा कार्यकर्ताओं के जीवन में दिशा और उद्देश्य के भाव प्रकट होते हैं।

# समयमान वेतनमान का प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवगठित शिक्षक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से निरंतर 12 वर्ष/24 वर्ष सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरांत प्रथम/द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान दिए जाने तथा उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से निरंतर 10 वर्ष/20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर प्रथम/द्वितीय समयमान वेतनमान दिए जाने के निर्देश प्रसारित किए गए थे। इसके परिपालन में नर्मदापुरम संभाग में प्रथमिक शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा तथा माध्यमिक शिक्षकों को संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम के द्वारा प्रथम, द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु आदेश जारी किये गये हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षकों को अधिकारी के प्रत्यायोजन के तहत संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम के द्वारा प्रथम द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृति हेतु आदेश जारी किये गये हैं। संभाग के जिलों से प्राथमिक शिक्षक/ माध्यमिक शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से निरंतर 12 वर्ष, सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरांत प्रथम, द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान की प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदापुरम जिले में 1951 लोक सेवकों में से 1842 को एरियर्स की राशि का भुगतान, बैतूल जिले में 1966 में से 1885 लोक सेवकों एवं हरदा जिले में 811 में से 798 लोक सेवकों को एरियर्स की राशि का भुगतान तथा उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से निरंतर 10वर्ष, 20वर्ष सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरांत प्रथम द्वितीय समयमान वेतनमान की प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 108 लोक सेवकों में से 104 को एरियर्स की राशि का भुगतान किया जा चुका है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को शेष लोक सेवकों के एरियर्स की राशि का शीघ्रता से भुगतान प्रदान करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

# शिव के भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा, महादेव का किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पवित्र सावन माह में हर्ष नगर जिप्सी हट के श्रद्धालुओं द्वारा काबड यात्रा निकाली। वार्ड के समस्त श्रद्धालु भक्त गणों ने पैदल यात्रा निकाली जो मंदिर से होकर विवेकानंद घाट पर मां नर्मदा की पूजन अर्चन कर नर्मदा से जल लाकर वार्ड में स्थापित प्राचीन बटुकेश्वर महादेव मंदिर मे पूजन कर महाअभिषेक किया। काबड यात्रा मे पार्षद श्रीमती निर्मला हंसराय,उर्मिला तिवारी,क्षमा राजपूत,आरती शर्मा,मीना शर्मा,मंजू व्यास, पिंकी डोंगरे, दिव्यानी राजपूत, मनोरमा बागडी,रत्ना सेंगर, गायत्री चंदेल, निर्मला बागड़ी, सोनम, नीलम, वैष्णवी, रानू व्यास, सहित अनेक भक्त शामिल हुए।

# इटारसी के वर्धमान जूनियर में छात्र संसदीय दल का शपथ ग्रहण समारोह किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वर्धमान पब्लिक विद्यालय के सभागार में वर्धमान जूनियर छात्र संसदीय दल के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना था।

विद्यालय अध्यक्ष प्रशांत जैन ने अपने प्रेरणादायी भाषण में नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को नेतृत्व, सेवा और जिम्मेदारी का महत्व समझाते हुए कहा, ₹यह छात्र संसदीय दल विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का भी परिचायक बनेगा।₹ इस वर्ष हेड बॉय के रूप में मनन सरनकार और हेड गर्ल के रूप में ऐश्वर्या सोलंकी को चुना गया है। वहीं छात्र छात्राओं को विभिन्न मंत्रालयों के मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

हेड ऑफ डिपार्टमेंट पूजा पटेल मैडम द्वारा सभी छात्र पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में जूनियर डायरेक्टर प्रशस्ति जैन ने आभार व्यक्त करते हुए छात्र नेतृत्व को प्रोत्साहित किया और सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह की सफलता में मनीषा साहू, अर्चना पांडे, राखी चौरे और जूनियर विंग के सभी शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

# संवाद केंद्र में 'मन की बात' के 124वें संस्करण को सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मासिक संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का 124वां संस्करण आज नर्मदापुरम स्थित ₹संवाद केंद्र₹, राज्यसभा सांसद कार्यालय, वार्ड 15, बूथ क्रमांक 110 पर पूरी तन्मयता से सुना गया। 'मन की बात' में पीएम मोदी ने उन 12 मराठा किलों की महानता का उल्लेख किया, जिन्हें यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने खेल, विज्ञान और संस्कृति सहित कई रोचक विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया,बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र जाट,मंडल उपाध्यक्ष सचिन तोमर, मंडल मंत्री योगेन्द्र सोलंकी, कार्यालय मंत्री महेश सेन, गोपीकृष्ण जत, उमेश गोस्वामी, आर.सी. वर्मा आदि शामिल रहे।

### कायस्थ मातृ शक्ति ने चलाया स्वच्छता अभियान

# मां नर्मदा नदी के घाटों की साफ-सफाई पुनीत और पुण्य का काम :पुलिस अधिकारी चौकसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां नर्मदा के घाटों की साफ सफाई करना बड़ा पुण्य और पुनीत कार्य है । इसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। मां नर्मदा हमारी प्रदेश की जीवन रेखा है और हमारे नर्मदा पुरम की शान है। घाटों से हमारे नगर की पहचान है इन्हें साफ सुथरा रखना हमारा फर्ज है ।

यह बात अभा कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान शामिल हुए रेलवे विभाग के पुलिस अधिकारी संजय चौकसे ने कही। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है हमें घाटों को साफ सुथरा रखना चाहिए और गंदगी नहीं करना चाहिए । कार्यक्रम के दौरान नेहरू पार्क में उन्होंने पौधारोपण भी किया और कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण की रक्षा करते हैं और हमें जीवन देते हैं। इस मौके पर बैंक से सेवानिवृत अधिकारी विजय वर्मा ने भी पौधारोपण कर कहा कि बरसात में पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए पौधे हमारे लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम के बाद नेहरू पार्क में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें पुलिस रेलवे अधिकारी श्री चौकसे ने विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पौधे लगाए। इस मौके पर प्रीती खरे, अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, रश्मि सक्सेना, सीबी खरे, नेहा थापक , वैष्णवी सक्सेना, रश्मि सक्सेना, सुमन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### दो लोगों में आपसी विवाद, मामला दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले के माखननगर क्षेत्र के आंखमऊ स्थित ममता वेयरहाउस पर शनिवार रात दो कारों की टक्कर के बाद विवाद हो गया। सूचना मिलने पर माखननगर थाना प्रभारी मदन पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ा शांत करवाया। पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रदीप राजपूत अपनी मूंग की ट्रॉली वेयरहाउस पर खड़ी करके केंद्र से मूंग बेचने की जानकारी लेने गया था। उसने अपनी कार ट्रालियों के पास सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। तभी गुज्जरवाड़ा निवासी विजय राजपूत अपनी कार रिवर्स ले रहा था, जिससे प्रदीप की गाड़ी को टक्कर लग गई। आंखमऊ का निगरानीशुदा बदमाश वेदांत यादव विजय का पक्ष लेते हुए झगड़े में कूद पड़ा। थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि घटनास्थल पर गोली चलने के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, और प्रदीप राजपूत खुद काफी नशे में था। हालांकि गाली-गलौज और धमकी को लेकर विजय राजपूत और वेदांत यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# शहर के नेहरू पार्क में हुआ सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल का सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में रविवार को नेहरू पार्क में नगर के संगीत कलाकारों ने मोहम्मद रफी को उनकी पुण्यतिथि पर उनके नगमें गाकर उन्हें सुरांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल व पुष्पांजलि के साथ हुई। पार्क में घूमने आए लोग भी अपने आप को रोक नहीं पाए और उन्होंने भी अपने सुरों से शाम सुरीली कर दी। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम का यह पांचवा सप्ताह था। रविवार को एकलव्य म्यूजिकल ग्रुप, आलाप म्यूजिकल ग्रुप व आहूजा म्यूजिक ग्रुप सहित अन्य स्थानीय गीतकारों ने मोहम्मद रफी की याद में गीत गाए। संगीत कलाकार संजय रायकबार, कमलेश क्षीरसागर, हरीश मांझी, कमल झा, महेंद्र सिंह राजपूत, प्रकाश आहूजा, संदीप राजवंशी, अजय तोमर, निकिता वरयानी आदि ने प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### जिले में पिछले 24 घंटे में 48.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 484.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 416.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटे के दौरान 48.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 43.6, घोड़ाडोंगरी में 10.0, चिचोली में 70.0, शाहपुर में 30.0, मुलताई में 19.0, प्रभात पट्टन में 47.4, आमला में 35.0, भैंसदेही में 56.0, आठनेर में 80.3. तथा भीमपुर में 95.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### सक्षम कार्यक्रम के तहत शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित



**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय शाहपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास रिफ्रेशर प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बैचवार आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक द्वारा मीना सातनकर और इंद्रसेन नागले प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर राजेश भट्ट, गणेश कुमरे ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक विद्या रैकवार ने जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के लिए प्रभावी कदम भी सुझाए गए। मास्टर ट्रेनर फरीदा अली ने जीवन कौशल सत्रों को व्यावहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने विद्यालय में मेरी सीख का कोना, सक्षम वॉल, बिहेवियर मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचारों को लागू करने हेतु मार्गदर्शन किया और 11 जीवन कौशलों की महेता और बारीकियां पर चर्चा की गई। सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि जीवन कौशल सत्रों का संचालन गुणवत्ता पूर्वक कर नवाचार प्रभावी रूप से कार्यान्वित करें और नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

## जिले के 5 लाख 91 हजार घरों में सर्वे, 1516 जगह नष्ट किया लार्वा

# डेंगू-मलेरिया के प्रति जागरूक कर दो साल में बांटी साढ़े 3 लाख मच्छरदानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अब तक 5.91 लाख से ज्यादा घरों का सर्वे किया है। इस दौरान 1516 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे टीम ने नष्ट किया। हालांकि, अब तक जिले में डेंगू का एक भी मरीज सामने नहीं आया, जो राहत की बात है। वैसे स्वास्थ्य विभाग डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों को लेकर सतर्क है और लगातार फॉगिंग, लार्वा नष्ट करने की दवा का छिड़काव कर आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने जनवरी से लेकर जून तक 6 माह में करीब 5 लाख 91 हजार 915 घरों का सर्वे किया और 1516 घरों में लार्वा को नष्ट किया। वहीं 1 लाख 1 हजार 486 स्लाइट बनाई है। जिसमें दो मलेरिया के मरीज मिले, वहीं डेंगू का एक भी मरीज नहीं मिला है। जबकि 2024 में डेंगू के 59 मरीज मिले थे और मलेरिया के 5 मरीज सामने आए थे। वर्ष 2022 एवं 2023 में मलेरिया के 4 और वर्ष 2021 में मलेरिया के 6 मरीज सामने आये थे।

### विभाग चला रहा जागरुकता अभियान

जिले में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में फोकस कर रहा है। जहां पर भी जलजमाव होने की स्थिति बनी हुई है उसे खाली करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा लार्वा कूलर, पुराने टायर, छत पर रखे ड्रम



और गमलों में पनपते है। लोगों को लगता है कि घर साफ है, तो बीमारी नहीं होगी। लेकिन असली खतरा उन्हीं जगहों में है जहां नजर नहीं जाती। जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम डोर-टू-डोर जाकर लार्वा की जांच कर रही है। आशा व एएनएम भी घर-घर जाकर लोगों को मच्छरों से बचाव के उपाय बता रही हैं। गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं। स्कूलों और गांवों में लोगों को लार्वा न पनपे, इसके लिए क्या करें, इसकी जानकारी दी जा रही है।

### पिछले दो साल में बांटी साढ़े तीन लाख मच्छरदानियां

जिले में मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दो साल में साढ़े तीन लाख मच्छरदानियों का वितरण किया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि पिछले वर्ष यानि 2024 में 2 लाख 60 हजार मच्छरदानियों का वितरण पूरे जिले में किया था। इसके पहले वर्ष 2023 में करीब 99 हजार मच्छरदानियां बांटी गई थी। सबसे अधिक मच्छरदानी ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित की गई। इसके साथ ही लोगों को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। ताकि मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारी पॉव न पसार सके और लोग सुरक्षित रहे।

### नहीं मिला डेंगू का एक भी मरीज

वैसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसून की शुरुआत के बाद से जिले में डेंगू का एक केस भी नहीं होना बताया जा रहा है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि डेंगू का पीक सीजन सितंबर अंत से अक्टूबर के बीच आता है। ऐसे में हर साल गतिविधि करने के बावजूद केस नहीं थमने के तीन कारण यह है कि शहर में पानी निकासी के इंतजाम फेल है, क्योंकि आधे घंटे की तेज बारिश में ही नाले ओवरफ्लो होने से पानी जमा होता है। वहीं शहर में अधिकांश कॉलोनियों में प्लॉटों में भी पानी जमा होने से वहां भी मच्छरों की तादाद बढ़ती है। तीसरा कारण यह है कि मौसम ठंडा व गर्म बना रहने से मच्छरों को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण मिल जाता है। इससे भी लार्वा पनपता है।

### सावधानी और जागरुकता ही बीमारियों से बचाव

डेंगू और मलेरिया से सुरक्षा और सावधानी ही इससे बचाव का एकमात्र तरीका है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मलेरिया का कारक मादा एनाफिलीज मच्छर एक व्यक्ति को काटने के बाद ही सुस्त हो जाता है। लेकिन डेंगू फैलाने वाला एडिस मच्छर एक बार में आठ से दस लोगों को काटता है। डेंगू वायरस जनित बीमारी होने के कारण इसका संक्रमण तेजी से फैलता है। इससे बचने के लिए सावधानी रखना और मच्छरों से बचाव ही एकमात्र तरीका है। डेंगू हो जाए तो इसकी जांच और इलाज जिला अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध है।

### इनका कहना है

जनवरी से जून तक 5 लाख 91 हजार से अधिक घरों में सर्वे किया गया, जिसमें से 1516 घरों में लार्वा नष्ट किया है। इस दौरान मलेरिया के 2 मरीज मिले है वहीं डेंगू का एक भी मरीज सामने नहीं आया।

**जितेन्द्र सिंह राजपूत,**
जिला मलेरिया अधिकारी, बैतूल

## केबल टूटने से कई ट्रेनें हुईं प्रभावित

# हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटा, बंद रहा रेलवे ट्रैक

### अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं गाड़ियां



**बैतूल।** बैतूल में नई दिल्ली-चेन्नई रेलवे ट्रैक पर हाईटेंशन लाइन का केबल गार्ड टूटकर ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन पर गिर गया। इससे नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। इस दौरान 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। जानकारी के अनुसार घटना रविवार तडक़े 3 बजे कोसमी इंडस्ट्रियल एरिया के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। 4 घंटे की मशक्कत के बाद करीब 7 बजे डाउन ट्रैक (दिल्ली से चेन्नई) पर सुधार किया गया, जिसके बाद यातायात बहाल कर दिया गया। वहीं, सुबह 8 बजे अप ट्रैक (चेन्नई से दिल्ली) भी शुरू कर दिया गया। केबल गार्ड टूटने के तुरंत बाद रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञ, निरीक्षण दल और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गए। सुधार कार्य के दौरान दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया। चेन्नई की ओर जाने वाली ये ट्रेनें देरी से चल रहीं- राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे, दूरंतो एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, जबलपुर एक्सप्रेस 2 घंटे, पातालकोट एक्सप्रेस 3 घंटे, गोंडवाना एक्सप्रेस साढ़े 3 घंटे, एपी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा और जयंती एक्सप्रेस ढाई घंटा देरी से चल रही हैं। केबल गार्ड टूटने से नई दिल्ली और चेन्नई की ओर जाने वाले दोनों ट्रैक बंद कर दिए गए। 11 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। पेंचवेली एक्सप्रेस को पांच घंटे बैतूल स्टेशन पर रोका गया। समता एक्सप्रेस मलकापुर 4 घंटे, त्रिकुल एक्सप्रेस ढाई घंटे, जयंती एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से चली।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। 29 वर्षीय महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे ब्लैकमेल कर रुपए ठगने का प्रयास किया गया था। घटना चोपना थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि महिला ने अपना निजी फोटो वायरल होने के बाद आहत होकर जहर खा लिया था। जिसका उपचार कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि महिला की शादी 2011 में गोपालपुर निवासी युवक से हुई थी। उसका पति वर्तमान में राजस्थान की एक कंस्ट्रक्शन साइट पर सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत है। दंपति के दो बच्चे हैं, एक 9 साल का और दूसरा 4 साल का। सोमवार को महिला ने घर पर कीटनाशक पी लिया। उस समय उसका भांजा घर पर मौजूद था। जब उसे घबराहट होने लगी, तब उसने खुद बताया कि उसने जहर खा लिया है। परिजनों ने उसे तुरंत घोड़ाडोंगरी के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां दो दिन इलाज के बाद उसे पाढर मिशन अस्पताल ले जाया गया। फिर नागपुर रेफर किया गया। नागपुर में तीन दिन इलाज के बाद उसे वापस बैतूल लाया गया, लेकिन बीती रात उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि जब महिला की हालत गंभीर थी, वह किसी व्यक्ति का नाम लेना चाहती थी, लेकिन आवाज नहीं निकल पाई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## 2047 के विकसित भारत की कल्पना को साकार करेंगे स्कूलों के विद्यार्थी

### 31 तक होंगे स्कूल स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन

**बैतूल।** स्कूलों के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। वर्ष 2025-26 का कला उत्सव इस बार विकसित भारत वर्ष 2047 थीम पर आधारित होगा। यह आयोजन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो कि वर्ष 2015 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य शिक्षा में कला के एकीकरण को बढ़ावा देना और बच्चों को उनके रचनात्मक कौशल को प्रस्तुत करने का मंच देना है। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अवधारणाओं के अनुरूप समग्र एवं समावेशी शिक्षा को बल देता है। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में यह प्रतियोगिता विभिन्न चरणों में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताएं पारंपरिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर आधारित होंगी। कुल 12 कलात्मक विधाओं को इस बार शामिल किया गया है। इनमें संगीत गायन (शास्त्रीय और उपशास्त्रीय), समूह गायन (लोकगीत, भजन, देशभक्ति गीत, सुगम संगीत), संगीत वादन (तंत्री व सुषिर शास्त्रीय-उपशास्त्रीय), समूह वाद्य वंद (लोक शास्त्रीय), एकल नृत्य (शास्त्रीय), समूह नृत्य (लोक और जनजातीय), नाटक समूह (लघु नाटिका, रोल प्ले, मिमिक्री, माइम), दृष्य कला एकल (चित्रकला, चित्रकारी, मुद्रण, व्यंग्य चित्र), मूर्ति कला, स्वदेशी खिलौने एवं स्थानीय खेल, पारंपरिक कहानी वाचन (जिसमें संगीत, नृत्य, दृश्यकला या नाटक का समावेश हो) शामिल हैं।

## हरियाली यात्रा को जनांदोलन का रूप देने में नवांकुर सखियों की भूमिका सराहनीय: हेमंत

### नवांकुर सखियों को विधायक ने उपहार स्वरूप दिए बेलपत्र के पौधे

**बैतूल।** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत विकासखंड घोड़ाडोंगरी के प्रस्फुटन ग्राम बज्जरवाड़ा में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने पंजीकृत नवांकुर सखियों को उपहार स्वरूप 11 बेलपत्र पौधे भेंट किए। कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत जिला समन्वयक प्रिया चौधरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल का शाल, श्रीफल एवं बेलपत्र पौधे से स्वागत कर की गई।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, घोडाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके, उपाध्यक्ष जिपं हंसराज धुर्वे, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, सुधाकर पंवार, ग्राम सरपंच स्नेहलता इवने, तथा समाजसेवी ऋतु खंडेलवाल ने भी सखियों को पौधे भेंट कर उनका सम्मान बढ़ाया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा हरियाली यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल पौधारोपण नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और संवेदनशीलता का प्रतीक है, जिसमें महिलाओं की भूमिका प्रेरणादायक है। उपाध्यक्ष मोहन नागर ने



कार्यक्रम के उद्देश्य एवं जनभागीदारी की महत्ता को रेखांकित करते हुए अभियान की पृष्ठभूमि को साझा किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विकासखंड समन्वयक संतोष सिंह राजपूत, नवांकुर संस्था सृजन सेवा समिति अध्यक्ष पवन परते, एवं प्रस्फुटन समिति के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के अंत में कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं विधायक गंगा उइके ने गोंडी लोकगीत एवं डंडार नृत्य में सखियों के साथ सहभागिता निभाई।

### पुलिस विभाग में प्रशासनिक कसावट के लिए थाना प्रभारियों के स्थानांतरण

**बैतूल।** जिले में कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस विभाग में थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के पदस्थापना में बदलाव किए गए हैं। जिसमें मनोज उइके थाना प्रभारी झल्लार से थाना रानीपुर, वंशज श्रीवास्तव चौकी प्रभारी मासोद से चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, थाना सारनी, उत्तमनंदन सत्कार थाना बैतूल बाजार से थाना कोतवाली, वहीद खान चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा से थाना प्रभारी झल्लार, नरेंद्र उइके थाना कोतवाली से थाना बैतूल बाजार, रणवीर सिंह राजपूत थाना गंज से चौकी प्रभारी मासोद, सत्यप्रकाश सक्सेना झ थाना प्रभारी आमला से थाना प्रभारी चोपना, राजेश सातनकर थाना प्रभारी चोपना से थाना प्रभारी आमला, सरविंद धुर्वे थाना गंज से थाना भैंसदेही, नीरज पाल थाना भैंसदेही से थाना गंज स्थानांतरित किया है। दरअसल विगत दिनों आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थाना प्रभारियों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई थी। समीक्षा उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे तथा उसी अनुक्रम में विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक कसावट देने हेतु यह पदस्थापना आदेश जारी किया गया है।

## ताप्ती का ओवरफ्लो होना माना जाता है अच्छी वर्षा का संकेत

# जब बह निकली ताप्ती जलधारा, नगर में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती सरोवर के तट बंधनो को पार कर मां ताप्ती की पावन धारा बह निकली और नगरवासियों के उत्साह का ठिकाना नहीं रहा, यह जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में श्रद्धा ताप्ती तक पहुंचे और बड़ी संख्या में महिला पुरुष ताप्ती जलधारा का आनंद लेते दिखाई दिए। जब ताप्ती जलधारा ताप्ती कुंड (सरोवर) की सीमाओं को लांघती हुई दोनों शिव मंदिरों के मध्य बनी सीढ़ियों से गुजर कर प्राचीन ताप्ती मंदिर के समक्ष बने सूर्य कुंड में प्रवेश करती है तो संपूर्ण नगर में उत्साह का ठिकाना नहीं होता।



ताप्ती के ओवरफ्लो होने को अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है। ताप्ती सरोवर एवं शनि सरोवर पर नगर सहित क्षेत्र के जल स्त्रोत भी निर्भर होते हैं। यही कारण है कि ताप्ती का ओवरफ्लो होना एक पर्व बनता जा रहा है। श्रद्धालु ताप्ती तट पहुंचकर ताप्ती जलधारा में स्नान करते हैं। मां ताप्ती का पूजन पाठ करते हैं। उत्साही युवा गाजे बाजों के साथ ताप्ती तट पहुंचते हैं संस्थाएं मिष्ठान वितरण करती है। ताप्ती नदी पूरब से पश्चिम की ओर बहने वाली भारत की सबसे लंबी और प्रमुख नदियों में से एक है। जो 3 प्रदेशों की जीवन रेखा मानी जाती है। ताप्ती जलधारा मुलताई ताप्ती कुंड सरोवर से निकलकर मध्य प्रदेश की सीमाओं में सतपुड़ा की घाटीय श्रंखलाओ को पार करती है और अपने तटों पर अनेक संस्कृतियों का पोषण करते हुए मध्य प्रदेश से महाराष्ट्र के खानदेश के पठार से गुजरती है इसके बाद सूरत गुजरात के मैदानों को समृद्धि से सिंचकर खंभात की खाड़ी में विलीन हो जाती है। और इस प्रकार ताप्ती नदी का 740 किलोमीटर का सफर पूर्ण होता है।

# विधायक सहित जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया सहभाग

### मन की बात कार्यक्रम बज्जरवाडा में हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के ग्राम बज्जरवाडा में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सहभागिता कर प्रधानमंत्री जी के विचारों का श्रवण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) मोहन नागर, पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, समाजसेवी एवं शिक्षाविद श्रीमती ऋतु खंडेलवाल, सुधाकर पवार, सरपंच श्रीमती स्नेहलता इवने, कमलेश सिंह, नंदन यादव , रामसिंह काकोडिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा समाज और संस्कृति के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और समूहों का उल्लेख किया गया, जो हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। विधायक खंडेलवाल ने जानकारी दी कि बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर एक केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए बज्जरवाडा और बांचा की तर्ज पर अन्य गांवों में भी होम स्टे विकसित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक जनजातीय परंपराओं से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में कोदो, कुटकी, ज्वार और बाजरा जैसे पोषक अनाजों (मिलेट्स) के उत्पादन प्रोत्साहित किया जाए।


### मुस्लिम समाज ने किया कावडियों का स्वागत

## बड़ी संख्या में कांवड़ लेकर ताप्ती तट पहुंचे कांवड़िए



**मुलताई।** श्रावण मास प्रारंभ होते ही पवित्र एवं धार्मिक नगरी मुलताई में दूर-दूर से कंधे पर श्रद्धा की कावड़ लिए कावडियों का पैदल ताप्ती तट पर आना प्रारंभ हो जाता है और इसके साथ ही जगह-जगह पर इन कावडिय़ों का स्वागत भी प्रारंभ हो जाता है इन स्वागत करने वालों में मुस्लिम समाज के प्रमुख लोग भी शामिल होते हैं। रविवार को सुहागपुर से 40 किलोमीटर पैदल सफर कर कावड़िए मुलताई पहुंचे जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष जाफर पटेल के नेतृत्व मे अन्नू भाई, अल्ताफ भाई आदि ने कांवडिय़ों का भव्य स्वागत किया और स्वल्पाहार कराया। सुहागपुर से भावेश अग्रवाल, चूचू अग्रवाल आदि के नेतृत्व में कावड़ लेकर मुलताई पहुंचे भोले लगभग 80 किलोमीटर का सफर तय कर ताप्ती जल से सुहागपुर में स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करेंगे। इस संबंध में भाजपा नेता जाफर पटेल ने कहा कि मुलताई मां ताप्ती की उद्गम स्थली धार्मिक नगरी होने के साथ ही आपसी भाईचारे की मिसाल भी है यहां सभी धर्मो के त्यौहार और त्योहारों की खुशियां सांझी होती है। हम सभी त्योहार मिलजुल कर मानते हैं और यही हमारे क्षेत्र का सौंदर्य है। अंबेडकर वार्ड की महिला मंडल ने बड़ी संख्या में न्यायालय परिसर हनुमान मंदिर से कावड़ यात्रा निकालकर ताप्ती तट पर स्थित तपतेश्वर मंदिर एवं गुप्तेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया । इस कावड़ यात्रा की विशेषता यह थी कि कावड़ यात्रा में सभी महिलाएं थी जो अलग-अलग विभागों में

### ब्रह्मकुमारीज का घर बने मंदिर विषय पर कार्यक्रम संपन्न



**बैतूल।** जहां प्यार सम्मान और विश्वास होता है वहीं घर मंदिर बन सकता है। यह विचार ब्रह्माकुमारीज भाग्य विधाता भवन में आयोजित युवा प्रभाग के कार्यक्रम घर बने मंदिर विषय पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह मंदिर बनाने के लिए सबसे पहले उसमें रहने वाले देवी देवताओं की जरूरत होती है। उसी प्रकार घर को मंदिर बनाने के लिए सभी अपने जीवन में मधुरता ,सबके प्रति सम्मान और आपसी विश्वास जैसे दैवी गुणों को धारण करके जीवन को दिव्य बना सकते है। जब ऐसे दैवी गुणों वाले लोग हर घर में उपस्थित होंगे तब हम अपने घर को मंदिर बना सकते हैं। इस अवसर पर सारणी सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने कहा कि हर घर समाज की इकाई है, अपने घर को मंदिर बनाकर हम अपने समाज को भी श्रेष्ठ और सभ्य बना सकते हैं। इसकी शुरुआत हमें अपने से ही करनी होगी, इसके लिए ब्रह्माकुमारीज में सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ज्ञान को हम अपने जीवन में अपनाकर एक सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव कर सकते हैं।

### सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी समाज का केरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान समारोह

बैतूल। सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज संगठन द्वारा रविवार को केरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लगभग 300 युवा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समाज के सह-कोषाध्यक्ष राजेंद्र साठे ने बताया कि हाल ही में समाज की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि समाज के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि उनमें आत्मविश्वास बढ़े और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। साथ ही उन विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन दिया जाए जो अपने भविष्य को लेकर असमंजस में रहते हैं। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। 10वीं कक्षा में साधना गंगारे 95 प्रतिशत, आदर्श निर्मले (94.8 प्रतिशत, आंचल घो?के 92.8 प्रतिशत और माधुरी चावरे 92.8 प्रतिशत को सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं कक्षा में आकांक्षा हुडे 93 प्रतिशत, निकिता कोकाटे 92.8 प्रतिशत और दीक्षा आसोले 90.4 प्रतिशत को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज संगठन के अध्यक्ष भोलाराम कोकाटे, उपाध्यक्ष उमाकांत वानखेडे, सचिव मनोहर पारधे आदि मौजूद थे।

## संक्षेप खबर

### अजाक्स जिलाध्यक्ष के लिए हुआ मतदान

**माखन नगर।** एससी और एसटी कर्मचारियों का संघ अजाक्स के जिला अध्यक्ष लिए रविवार को मतदान किया गया माखन नगर में अजाक्स के 147 मतदाता हैं जिसमें से 109 मतदाताओं ने मतदान किया जनपद पंचायत के सभागार भवन में मतदान केंद्र बनाया गया था आपको बता दें जिला अध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार रविशंकर वाल्मीकि एवं गणेश प्रसाद उपरारिया चुनाव मैदान में है चुनाव के नतीजे 29 जुलाई को घोषित किए जाएंगे।

### रेखा बनी सर्व ब्राह्मण महिला शाखा की अध्यक्ष

**इटारसी।** सर्व ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा अध्यक्ष ज्योति शर्मा की उपस्थिति में हरियाली तीज का आयोजन किया गया। इस दौरान संरक्षक प्रथम सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की नींव रखने वाली माधवी मिश्रा ने सभी संरक्षक मंडल की सहमति से रेखा दुबे को महिला शाखा नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। रेखा दुबे की नियुक्ति होने पर संगठन संरक्षक कल्पना शर्मा, नीरू मिश्रा, साधना दुबे, वंदना ओझा, अनुराधा शर्मा ने समर्थन किया।

### आज निकलेगी सिंदूर कांवड़ यात्रा

**माखन नगर।** विठ्ठलेश सेवा समिति एवं वर्मा सेनानी परिवार द्वारा पवित्र श्रावण माह के तृतीया सोमवार को भारत की सेना के सम्मान में सिंदूर कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कावड़ यात्रा के आयोजक लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया सोमवार को 2:00 बजे बालाजी मंदिर बावड़ी से कावड़िया जल भरकर निकलेंगे एवं नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मंगलवार बाजार स्थिति प्राचीन शिवालय पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे।

### कारोबारी अग्रवाल ने लिया अंगदान का संकल्प

**इटारसी।** शहर के युवा कारोबारी सजल अग्रवाल ने एक अनुकरणीय कदम उठाते हुए मृत्यु उपरांत अंगदान का संकल्प लिया है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना अंगदान पंजीयन कर यह संदेश दिया है कि जीवन के बाद भी दूसरों को जीवनदान देना संभव है। सजल के इस कदम ने समाज में प्रेरणा का कार्य किया है।

## पिपरिया के समनापुर, डोकरीखेड़ा स्कूलों का हाल बेहाल

# अब शिक्षक नहीं आ रहे समय पर स्कूल विद्यार्थी घंटो करते रहते हैं इंतजार

शासन के समय पर स्कूल खुलने के नियम के विपरीत अब समय पर स्कूल नहीं खुल रहे जिससे विद्यार्थी परेशान हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत के सभी ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर पालिका परिषद के लगभग सभी सरकारी स्कूल मे समय पर शिक्षक नहीं पहुंच रहे। शिक्षकों के मन में जन प्रतिनिधियों वरिष्ठ अधिकारियों तथा मंत्रियों का जो भय होता था वह फिलहाल में पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के किसी भी शिक्षक में नहीं है, तथा मुख्यालय पर कोई भी शिक्षक निवास नहीं कर रहे हैं अक्सर शिक्षक 10 से 15 किलोमीटर की दूरी से प्रतिदिन स्कूल में अप डाउन करते हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरी खेड़ा गांव में पाया गया यहां पर मिडिल स्कूल है स्कूल के खुलने का समय विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी एवं बीआरसी प्रदीप शर्मा के अनुसार सुबह 10:30 बजे से स्कूल खोलना है। 10:30 बजे सभी स्कूल के शिक्षक प्रधान पाठक एवं प्रचार स्कूल में उपस्थित रहेंगे ऐसे शासन के निर्देश तथा स्कूल का नियम है। लेकिन डोकरी खेड़ा में पाया गया कि बच्चे 10:15 बजे स्कूल परिसर के गेट पर पहुंच चुके थे रिमझिम रिमझिम बारिश के बाद भी बच्चे स्कूल के गेट पर बैठकर अपने शिक्षकों का तथा स्कूल का ताला खोलने का इंतजार कर रहे थे लेकिन विगत दिन शनिवार को स्कूल 10:30 बजे तक नहीं खुला और ना ही कोई शिक्षक या कोई प्रधान पाठक या प्राचार्य समय पर स्कूल नहीं पहुंचा।

जिसके कारण बच्चों को बारिश में भीगते हुए इंतजार करना पड़ा। वहीं पर ग्रामवासी मेहरबान सिंह गज्जम ने बताया कि सभी शिक्षक शिक्षिका पिपरिया से अप डाउन करते हैं तथा वह अपने घरों से ही 10:30 बजे निकलते हैं तब जाकर 11:30 बजे तक स्कूल खुलता है या प्रतिदिन का शिक्षकों का रवैया है यहां पर कोई अधिकारी कभी आते नहीं है और आते हैं तो शिक्षकों को अवगत करा कर आते हैं जिसके लिए शिक्षक पूर्व से ही अपडेट रहते हैं ।यहां पर कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देता है। साथ ही 10:00 बजे स्कूल खुल के साफ सफाई होकर 10:15 बजे सभी शिक्षक स्कूल में उपस्थित हो और 10:30 बजे तक प्रार्थना होने के बाद पढ़ाई प्रारंभ हो तभी बच्चों को शिक्षा मिल सकेगी।

इस बारे में अधिकारियों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 10:30 बजे स्कूल का समय है यदि स्कूल में शिक्षक शिक्षण का उपस्थित नहीं है बच्चे उपस्थित है तो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की जावेगी।

## सोहागपुर में सर्पदंश से हुई 10 वर्षीय बालक की मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गूजरखापा में रविवार को 10 वर्षीय बालक की सर्पदंश से मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर केंद्र के वार्ड बॉय आनंद पिता राधा किशन कटियार उम्र 35 वर्ष द्वारा इस आशय की सूचना पुलिस को दी गई थी। मेमो पत्र में उल्लेख था कि रविवार सुबह 5:15 बजे गूजरखापा निवासी शिवम पिता गजेंद्र मेहरा उम्र 10 वर्ष को उसके परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लाए थे। इधर पुलिस को मृतक शिवम के परिजनों ने बताया कि शनिवार रात घर में सोए शिवम को सर्पदंश उपरांत सोहागपुर अस्पताल लाया गया था। जहां चिकित्सक ने जांच उपरांत शिवम को मृत बताया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मालवीय ब्राह्मण समाज महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



**इटारसी।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन इटारसी की समस्त पदाधिकारी ने रविवार को हरियाली तीज उत्सव मनाया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश, मां गौरी का पूजन कर उन्हें सुहाग सामग्री भेट कर हनुमान चालीसा का पाठ कर वृक्षारोपण किया। जिसके बाद सभी सुहागिनों को सुहाग की सामग्री भेट कर, स्वल्हापार वितरण किया। तीज का उत्सव झूला झूलकर एवं नृत्य कर बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया। जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम में समस्त महिला मंडल का योगदान तन मन धन से सराहनीय रहा। आखिर में उपस्थित लगभग 100 मातृशक्ति का सलाहकार निर्मला मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

## गहराई व चौड़ाई सहित संख्या में बढ़ रहे नवीन सड़क के गड्ढे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर रेलवे स्टेशन से कॉलेज के सामने से होते हुए लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस के समीप तक डामरीकृत सड़क बनाई गई है। लेकिन यह सड़क खस्ताहाल हो गई है। बरसात पूर्व हुए गड्ढे तीव्र बारिश के कारण और गहरे हो गए हैं। लगभग 600 मीटर लंबाई की इस सड़क में एक सैकड़ा गड्ढे होने की जानकारी नागरिकों ने दी है।

नागरिकों के अनुसार बरसात के पहले तक गड्ढे थोड़े कम गहरे व कम चौड़े थे व उनकी संख्या भी कम थी। लेकिन सतत बारिश से गड्ढों की चौड़ाई, गहराई और संख्या बढ़ गए हैं। नागरिकों ने कहा कि उखड़ी सड़क गुणवत्ता विहीन कार्य का परिणाम है।

## चौरसिया दिवस के रूप में मनाया जाएगा नागपंचमी पर्व, समाज इकाई कर रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में नागपंचमी पर्व सदैव की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर चौरसिया समाज धूमधाम से प्रतिवर्ष पर्व को चौरसिया दिवस के रूप में मनाता है। नगर चौरसिया समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 अगस्त को पूरे देश में यह पर्व मनाया जाएगा। चौरसिया समाज नागपंचमी पर नाग देवता की पूजन करता है। फिर बरेजों में जाकर पानबेल को नागबेल के रूप में पूजता है। नगर चौरसिया समाज के नागरिक इस दिन आस्था, श्रद्धा व विश्वास से नागदेवता की पूजन करने जाते हैं। पान को पूजन में भी मुख्य रूप से रखा जाता है। पान पत्र बिना कोई भी पूजा नहीं हो सकती। इसलिए पान को सर्वप्रथम पूजा की थाली में रखा जाता है।

### कर रहे संपर्क

सोहागपुर चौरसिया समाज नागपंचमी पर शोभायात्रा निकालेगा। शोभायात्रा जवाहर वार्ड से निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्ग से होते हुए मंगल भवन पहुंचेगी। जहां नागदेवता की पूजन आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। शोभायात्रा व पूजन कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं की सहभागिता के लिए आयोजन समिति के कार्यकर्ता सतत संपर्क कर रहे हैं। बीती शाम कार्यकर्ता बाजार में समाज के प्रतिष्ठानों पर संपर्क करते नजर आए।

## आरके इंस्टीट्यूट में विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान आरके इंस्टीट्यूट मे उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे स्पोकन इंग्लिश व बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10वी व 12वी मे उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप मे सभापति व पार्षद राकेश जाधव उपस्थित रहे। राहुल चौरे ने बच्चों को जीवन मे विशिष्ठ उपलब्धिया हासिल कर अपने माता पिता, गुरुजनों एवं नगर का नाम रोशन करने का आर्शीवाद दिया तथा सभापति राकेश जाधव ने बताया कि आर के इंस्टिट्यूट विगत कई वर्षो से अच्छा अध्यापन कराकर अपनी अच्छी सेवाएं दे रहा है। कार्यक्रम मे समा देवांशी रैकवार ने अपनी अंग्रेजी मे मोटिवेशनल स्पीच देकर की। कोचिंग संचालक आशीष पटैल ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति का आशीर्वाद दिया एवं आभार प्रदर्शन संस्थान की प्रबंधक रक्षा पटैल ने किया।

# नर्मदांचल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस, भाजयुमो ने निकाली रैली, सेना की शहादत को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कारगिल विजय दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के द्वारा महिला मोर्चा सहितसंगठन के सभीपदाधिकारीके बीच 26जूलाई 2025को शाम 8बजे भाजपा कार्यालय से मंगलवारा चौराहे तक मसाला जुलूस निकाला गया। जिसमें नारी शक्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रतिनिधियों के हाथों में मसाल लिए हुएभा रतमाता के जयकारों के साथ गांजे बाजे से जुलूस निकाला गया। जिसमें मुख्य अतिरूपमे नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल जिला महिला मोर्चा महामंत्री ममता नागवंशी तमाम महिला पार्षद महिलाकीमोर्चा की नगर अध्यक्ष की अगुवाई में मसाल जुलूस निकाला गया जिसमें नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर सुजीत रघुवंशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल बंटी चोरसिया पूर्वजिला सतर्कता समिति से अरविंद राय माधव दासअग्रवाल एवं युवा मोर्चाके साथ सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को याद किया।

### गर्ल्स कालेज में कारगिल विजय दिवस का आयोजन



**इटारसी।** देश नायकों की बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करने शासकीय कन्या महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस पर सूबेदार करतार सिंह, सूबेदार संजय कुमार पांडा, सूबेदार श्रीकांत वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि यह दिवस हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करने वाले साहस और बलिदान की भावना को जीवित रखने का एक सतत आह्वान है। सूबेदार करतार सिंह ने बताया कि स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। यह दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। सूबेदार संजय कुमार पंडा ने बताया कि हमारे लिए सभी धर्म और जाति के लोग समान है। बताया कि हमारे जीवन में सच बोलना, अनुशासन, ईमानदारी, समय प्रबंधन हो तो व्यक्ति किसी भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। सूबेदार श्रीकांत वर्मा ने कहा कि सेवा में आने के लिए संघर्ष आवश्यक है। वक्ता श्री रविन्द्र चौरसिया ने बताया यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में देश भक्ति की भावना उत्पन्न करना है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम की गाथा है विजय दिवस । भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी बस स्टैंड परिसर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया और शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । रकार्यकम में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक सूबेदार संजय कोरी, समाजसेवी, अध्यक्ष मध्य भारत युवा शक्ति अशोक मांडले, पूर्व सैनिक शेखर यादव, प्रेम गायकवाड़, खेल शिक्षक संतोष यादव, वन विधालय पचमढ़ी के प्रशिक्षु एवं पुलिस विभाग के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं पुष्पचक्र अर्पित किया।

### विजय दिवस पर भाजयुमो ने निकाली मशाल रैली



**सोहागपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा नगर में मशाल यात्रा का आयोजन शनिवार शाम किया गया। सोहागपुर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज यादव ने बताया कि सभी भाजपाई रविवार की शाम सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के शहर स्थित निवास पर एकत्रित हुए। जहां से तीव्र बारिश के दौरान भी भाजपाई हाथों में मशाल लेकर पैदल रैली के रूप में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित जय स्तंभ परिसर पहुंचे। जहां कारगिल के शहीदों को याद किया गया। इस दौरान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय एवं जय हिंद के नारे लगाए। रैली में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जेपी माहेश्वरी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, अभय खंडेलवाल, पर्यावरण संस्था संभागीय डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, गोविंद मेहरा व अन्य नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में पूजन व अभिषेक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रावण माह खासकर महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक पूजन का अवसर होता है। सनातन हिंदू महिलायें सावन मास में भगवान शंकर को प्रसन्न करने के प्रत्येक जतन करती है ताकि उनके सुहाग की रक्षा भगवान भोलेनाथ करते है।

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज में श्रावण माह पुनीत अवसर पर पार्थिव ज्योर्तिलिंग निर्माण पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम चल रहा है।

पार्थिव ज्योर्तिलिंग निर्माणकर्ता एवं मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने भगवान भोलेनाथ के मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग का निर्माण किया और पूजन अभिषेक कराया उनका सहयोग पं. सत्येन्द्र पांडेय एवं पं. पीयूष पांडेय ने किया। यजमान सुरेंद्र राजपूत श्रीमती बीना राजपूत, निधि चौहान एवं मनीषा राजपूत ने पूजन अभिषेक किया। मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दुनिया में अद्भुत है। आंध्रप्रदेश के कुर्नुल जिले के श्रीशैल मल्लिकार्जुन का क्षेत्र एक पवित्र स्थान है।

### यूसीमास की 24वीं राष्ट्रीय स्पर्धा में होंग शामिल

## हैदराबाद में अपना हुनर दिखाएंगे बनापुरा के नन्हे गणितज्ञ पीहू, निखर, अक्षतम, जीवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



छोटे शहर से निकले बड़े सपने अब राष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भरने जा रहे हैं। सिवनी बनापुरा के चार नन्हें गणितज्ञ, पीहू निखर, अक्षतम मालवीय, जीवेश मंडलोई और विशिष्ट मंडलोई – आगामी 16 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होने वाली यूसीमास की 24वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता न केवल उनकी प्रतिभा की परीक्षा होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय भी बनेगी।

इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभागियों को सिर्फ 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों को हल करना होता है। सवाल जोड़, घटाव, गुणा, भाग जैसे जटिल गणितीय अभ्यासों से संबंधित होते हैं, जिन्हें अबेकस और मानसिक गणना (मेंटल मैथ्स) की तकनीकों से हल किया जाता है। यह प्रतियोगिता बच्चों की गति, एकाग्रता, स्मरण शक्ति और गणनात्मक कौशल का जीवंत उदाहरण होती है।

बता दें कि अप्रैल 2025 में आयोजित यूसीमास स्टेट लेवल प्रतियोगिता में इन चारों बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल की थी, बल्कि सिवनी बनापुरा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया था। उनके इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है।

## पिपरिया में अजाक संघ का चुनाव संपन्न हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

अजाक्स संघ सभी विभागो के अधिकारी कर्मचारी के जिला अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए। चुनावके लिए प्रत्याशीके इटारसी से जिला अध्यक्षके लिएप्रतयाशी गणेश उपरारिया एवं पिपरिया विधानसभा से रवि शंकर बाल्मिक यह दो प्रत्याशी जिला अध्यक्ष केलिए चुनाव लड़ रहे थे। आजाद संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नीति राज सिंह ठाकुर ने बताया कि जनपद पंचायत कार्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया था। पिपरिया विकासखंडमे 400 मतदाता है जिला निर्वाचन के अनुसार सत्यनारायण पथशठारिया , राजेंद्र अहिरवार, गुलाब सिंह धुर्वे अशोक धुर्वे को चुनाव अधिकारी बनाया गयाथा।

इन लोगों के द्वारा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराए गए। तहसील अध्यक्षके लिए सुशीलडागौर नगर पालिका परिषदसे प्रत्याशी थे। लेकिन दुसरा प्रत्याशी नाहोने से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नईम खान आयु 50 वर्ष वल्द श्री छोटे खान निवासी किलापुरावार्ड सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम, म.प्र. ।मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड में नाम ताहेरा फातमा पुत्री नईम खान दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार के द्वारा पासपोर्ट बना हुआ है जिसमें मेरी पुत्री का नाम ताहेरा फातमा बी पुत्री नईम खान त्रुटिवश दर्ज हो गया था । अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे मेरी पुत्री को ताहेरा फातमा पुत्री नईम खान के नाम से जाना व पहचाना जावे।
शपथ पत्र क्रमांक BT 121434

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नईम खान आयु 50 वर्ष वल्द श्री छोटे खान निवासी किलापुरावार्ड सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम, म.प्र. ।मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड में नाम अक्सा जेहरा खान पुत्री नईम खान दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार के द्वारा पासपोर्ट बना हुआ है जिसमें मेरी पुत्री का नाम अक्सा जेहरा बी पुत्री नईम खान त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे मेरी पुत्री को अक्सा जेहरा खान पुत्री नईम खान के नाम से जाना व पहचाना जावे।
शपथ पत्र क्रमांक BT 121433

## खबर संक्षेप



### दिवाल से आई कांवड़ यात्रा का किया स्वागत

**खंडवा।** खंडवा जिले के ग्राम दिवाल से नितिन तंवर मित्रमंडल द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा का आज भव्य स्वागत स्थानीय विधायक कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर विधायक छाया गोविंद मोरे की ओर से समस्त कावड़ यात्रियों को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ चाय व प्रसादी वितरित की गई। कावड़ियों के स्वागत में आयोजकों और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंधाना नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जगदन्ने, पंधाना मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, महामंत्री बंटी दादा, पार्षद जगदीश एकले, धर्मेंद्र राठौर, अरुण कुशवाह, संजू राठौर, परमानंद पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हिमांशु प्रजापति, रघुवीर सिंह चौहान, प्रतीक जैन, राम कुशवाह, प्रमोद सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। भक्ति और सेवा के इस संगम ने न सिर्फ श्रद्धालुओं को भावविभोर किया, बल्कि विधायक छाया मोरे द्वारा किए गए इस सम्मान और आतिथ्य ने कावड़ यात्रियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

### 24 घंटों में जिले में 26 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 26 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 9.7 मि.मी., टिमरनी में 35.4 मि.मी., खिरकिया में 43.2 मि.मी., सिराली में 27 मि.मी. तथा रहटगांव में 15 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 555.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 511.5 मि.मी., टिमरनी में 709.8 मि.मी., खिरकिया में 618.7 मि.मी., सिराली में 448.6 तथा रहटगांव में 487.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत वर्ष की 27 जुलाई तक 315.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### विद्युत उपभोक्ता ऑनलाइन कराएं स्वैच्छिक भार वृद्धि

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को घर बैठे अपने बिजली कनेक्शन में भार वृद्धि की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। अब उपभोक्ता अपने बिजली कनेक्शन के पूर्व स्वीकृत भार में अपनी वर्तमान आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की सुविधा का लाभ उठाकर भार वृद्धि करा सकेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को त्वरित रूप से पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने की दिशा में कंपनी द्वारा पहल करते हुए 10 किलोवाट भार तक के घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए त्वरित स्वचालित भार वृद्धि की एक नई सुविधा 15 जुलाई से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई है। कंपनी ने बताया है कि ऑनलाइन भार वृद्धि की सुविधा के लिए उपभोक्ताओं को किसी फेज परिवर्तन या मीटर प्रतिस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी। इस पहल के तहत पात्र उपभोक्ता द्वारा अपने स्वीकृत भार में वृद्धि का अनुरोध करने पर उनके उनुरोध को अब बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप या जोन-स्तरीय अनुमोदन के बिना कंपनी द्वारा त्वरित और निर्बाध रूप से स्वीकृत कर भार वृद्धि की जा रही है। इस हेतु लगने वाले शुल्क का भुगतान कंपनी द्वारा आगामी देयक में शामिल किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है।

---

अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरुक कर रहा

# जागरूकता शिविर संपन्न, विधिक साक्षरता से सशक्त बनता है समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शनिवार को माध्यमिक शाला सन्यासा, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला गोंदागांव कला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छिपानेर में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होने यह भी बताया कि नालसा डॉन स्कीम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा नशा उन्मूलन के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य, विशेष रूप से युवा व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूध्द जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। राठौर ने शिविर में नालसा नशा पीड़ितो को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है।

### कानूनों की जानकारी दी गई

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के तहत पॉक्सो एक्ट, पॉक्सो रूल्स तथा प्रतिकर से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। इस अवसर पर पंच-ज अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा और स्वस्थ बनाना है वृक्षारोपण हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिविर में ग्राम पंचायत सन्यासा के सह सचिव महेन्द्र राजपूत, ग्राम पंचायत गोंदागांव के सचिव धर्मेंद्र लाठी एवं ग्राम पंचायत छिपानेर के सचिव लक्ष्मण बिल्लौरे, ग्रामीणजन एवं पैरालीगल वॉलंटियर राहुल जाट उपस्थित रहे।

---

मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम

# जीवन में सदा नशे से दूर रहें, विद्यार्थियों को दिलाया गया नशामुक्ति का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा रहटगांव के एन .एस. पब्लिक स्कूल,गौरव विद्या निकेतन ,शास.लक्ष्मीनारायण पालीवाल स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव में मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जीवन में सदा नशे से दूर रहने, अपने आसपास नशा ग्रस्त लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें इस बुराई से दूर करने और सामाजिक जागृति फैलाने का संकल्प कराया गया। बी के राजेश ने कहा कि शराब, तंबाकू, ड्रग्स सीधे मस्तिष्क और स्नायु तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वरित निर्णय क्षमता, स्मरण शक्ति और संतुलन प्रभावित होते हैं। नशे से शरीर में डोपामिन, सेरोटोनिन जैसे रसायनों का असंतुलन हो जाता है, जिससे खुशी की प्राकृतिक अनुभूति कम हो जाती है और व्यक्ति को फिर से नशे की आवश्यकता महसूस होती है। कुछ रिसर्च के अनुसार लगातार नशा शरीर की जीन संरचना को भी प्रभावित करता है, जिससे अगली पीढ़ी पर भी असर हो सकता है। नशा एक ऐसा अंधकार है जो शरीर की ऊर्जा, मन की स्थिरता और आत्मा की दिव्यता को खत्म कर देता है। यदि समाज को स्वस्थ, सुखी और सद्गुणी बनाना है तो नशा-मुक्त जीवन ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को बाहरी पदार्थों पर निर्भर बना देता है। जिससे आत्मा की शुद्धता और शक्ति क्षीण होती है। नशे की अवस्था में व्यक्ति का चित्त अस्थिर होता है जिससे वह ईश्वर, आत्मा और सच्चे ज्ञान से दूर हो जाता है। नशा व्यक्ति को पापात्मक कर्मों की ओर प्रेरित करता है। जैसे झूठ बोलना, चोरी, हिंसा आदि, जिससे उसकी आत्मिक स्थिति और गिरती जाती है। नशे से सोचने, निर्णय लेने और समस्याओं को हल करने की क्षमता में कमी आती है। साथ ही पढ़ाई, नौकरी, व्यवसाय या ध्यान-साधना आदि किसी भी कार्य में मन एकाग्र नहीं हो पाता है। नशे के कारण परिवार, मित्र और सामाजिक जीवन में दूरी के साथ अविश्वास आ जाता है।

---

अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर सखी हरियाली यात्रा रहटगांव पहुंची



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा निकाल जा रही नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आगमन रहटगांव में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया गया। प्रारंभिक उद्बोधन में ब्लॉक समन्वयक टिमरनी अनुपम भारद्वाज ने जन अभियान परिषद की कार्य योजना एवं नवांकुर सखी के संबंध में अपने विचार रखें। कौशलेश तिवारी ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती हमारी माता है धरती माता का एक परिवार है। जिसमें पेड़ पौधे जीव जंतु सभी निवास करते हैं। उनके पश्चात सपना अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने कहा हम नारी शक्ति ही पौधों का संरक्षण बच्चों की तरह कर सकते हैं। ममता राठौर महिला मोर्चा अध्यक्ष रहटगांव मंडल ने कहा की पौधे हम सभी लगाएँ और देखरेख कर पौधों की रक्षा करना हमारा परम धर्म है। रहटगांव लक्ष्य संस्था के अध्यक्ष विनोद चौहान ने पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर सभी लोग उनके जन्मदिन पर और विशेष आयोजन पर पौधे अवश्य लगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप मालवीय ने किया तथा आभार ब्लॉक समन्वयक अनुपम भारद्वाज ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेंटर प्रवीण चौरसिया ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रहटगांव के अध्यक्ष कमला गौर, सचिव रोहित गौर, ज्योति मालवीय, राहुल साकल्ले , आयुष सोनी , सविता बैरागी मंडल महामंत्री रहटगांव मंडल,वर्षा सोलंकी विनीता सेन ,कृष्णा विश्वकर्मा, ज्योति मालवीय, दुर्गा मालवीय सहित अन्य महिला सखियाँउपस्थित रही।

---

# पत्नी छोड़कर चली गई तो परेशान पति ने जहर पीकर दी जान, जांच जारी

**रहटगांव।** नगर में एक 33 साल के युवक ने पत्नी के छोड़कर जाने से परेशान होकर शनिवार सुबह कीटनाशक पी ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रात लगभग 11 बजे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान हृदयराम तंवर के रूप में हुई है। हृदयराम की मां ने बताया कि बेटे की शादी 6 साल पहले हुई थी। कुछ समय बाद उसकी पत्नी बेटे को लेकर उसे छोड़कर चली गई थी। तब से वो इसी बात को लेकर परेशान और दुखी रहता था। ग्रामीणों की मदद से मां ने पहुंचाया अस्पताल शनिवार को हृदयराम की मां गांव में एक रसोई कार्यक्रम में गई थीं। इसी दौरान उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि हृदयराम ने जहर पी लिया है। उसे लगातार उल्टियां हो रही हैं। ये सुनकर वह तुरंत घर पहुंचीं और लोगों की मदद से बेटे को रहटगांव अस्पताल ले गईं। हृदयराम चार बहनों और दो भाइयों में से एक था। उसके बड़े भाई राकेश तंवर की लगभग तीन साल पहले एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बहनों की शादी के बाद मां और बेटा अकेले रहते थे। मृतक के पिता की भी सालों पहले मृत्यु हो चुकी थी। हृदयराम ड्राइविंग का काम करता था।पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया शव पुलिस ने मामले को मर्ग में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

---

मंदिर प्रशासन की श्रद्धालुओं से अपील

# ओंकारेश्वर ममलेश्वर की पालकी यात्रा में न उड़ाएं रंग गुलाल, फूलों की पंखुड़ियों से करें स्वागत



**खंडवा।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में श्रावण माह में हर सोमवार को निकलने वाली भगवान भोलेनाथ की विशेष सवारी में अब गुलाल उड़ाने पर पाबंदी लगाते हुए गुलाब या अन्य फूलों की पंखुड़ियां का उपयोग करने की अपील मंदिर प्रशासन ने नागरिकों से की है। एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति ने बताया कि गुलाल उड़ाने पर प्रतिबंध का निर्णय तीर्थयात्रियों, महिला भक्तों, बच्चों व बुजुर्गों के हितों और उनकी धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सवारी के दौरान कई असामाजिक तत्व गुलाल भगवान पर चढ़ाने की बजाय महिला, बच्चों, ओर यात्रियों को टारगेट कर गुलाल उड़ाते है। ओंकारेश्वर भगवान की सवारी में शामिल होने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। गुलाल में रंगे असमाजिक तत्वों को पहचान पाना भी मुश्किल होता है। एसडीएम शिवम प्रजापति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा में केवल फूलों की पंखड़ियों का ही उपयोग करें, रंग या गुलाल न उड़ाएं। उन्होंने बताया कि भक्तगण पूजन सामग्री के रूप में भगवान भोलेनाथ पर गुलाल चढ़ा सकते हैं, गुलाल उड़ाने पर पाबंदी रहेगी।

---

पुलिस ने तीन दिन की मेहनत के बाद सतना और पिपरिया से पकड़ा

# एचडीएफसी के पूर्व कर्मचारी का कारनामा ग्राहक को 10 लाख का कर्जदार बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एचडीएफसी बैंक में ग्राहक के साथ 10 लाख का फ्राड का मामला सामने आया है। बैंक के एक पूर्व कर्मचारी ने ग्राहक को भरोसे में लेकर यह पूरा षडयंत्र रचा। कोतवाली पुलिस ने इस पूरे मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को सतना और पिपरिया से गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों नअपनी लाईफ स्टाईल बदल ली थी। कभी हवाई यात्रा कर रहे थे तो कभी शेयर मार्केट में पैसा लगा रहे थे। दरअसल गंगा आश्रम स्थित एचडीएफसी बैंक में एक ग्राहक को खाता खुलवाना भारी पड़ गया। बैंक के पूर्व कर्मचारी मनोज पटले ने ग्राहक को भरोसे में लेकर उसके कागजात का गलत उपयोग करते हुए एक क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। इस कार्ड को आरोपी अपने पास रखता था। उसने अपने एक करीबी दोस्त सतना निवासी भरत प्रताप सिंह का मोबाइल नंबर खाते में दर्ज करवा दिया। ताकि कोई भी मैसेज असली उपभोक्ता तक न पहुंचे।

---

# चिंतामन गणेश मंदिर में बवाल, धारदार हथियार से पुजारी को धमकाने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** जिले के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में शनिवार को बवाल हो गया। एक व्यक्ति ने मंदिर के पुजारी को गाली गलौच करने के साथ धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले ने कांग्रेस ने भी प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में रिश्तेदारी राज नहीं चलेगा।

जानकारी के अनुसार महेश यादव नामक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर गणेश मंदिर के अंदर पहुंचा, जहां पुजारी पृथ्वीवल्लभ दुबे के पुत्र जय दुबे को धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया गया। वायरल वीडियो में अपशब्दों का प्रयोग भी किया रहा है। इस दौरान काले कपड़े पहने एक व्यक्ति ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, जिसे हमलावर ने दो बार दूर धकेला। महेश यादव ने पुजारी को डराने के लिए बका भी उठाया।

---

# सीहोर तहसील में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार की हठधर्मिता कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं किया जमीन का सीमांकन

**राजस्व मंत्री के गृह जिले में नाफरमान तहसीलदार, कोर्ट के आदेश को दिखाया ठेंगा, तहसीलदार का जारी हुआ जमानती वारंट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह जिले सीहोर की सीहोर तहसील में पदस्थ तहसीलदार की नाफरमानी सामने आई है। तहसीलदार द्वारा कोर्ट के आदेश को भी हवाहवाई कर दिया गया। इसको लेकर न्यायालय ने सख्त रूख अपनाते हुए तहसीलदार को जमानती वारंट जारी करते हुए उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामला जिले की शेरपुर स्थित एक जमीन के सीमाकंन से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार व्यवहार वाद क्रमांक 105ए/2022 विकास राठौर विरूद्ध राकेश राठौर में वादी के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 24/8 रकबा 0.1620 हेक्टेयर एवं प्रतिवादी राकेश राठौर के स्वत्व की भूमि सर्वे नंबर 22/2/3, 22/1/1, 24/1 एवं 21/1 कुल रकबा 1.95 एकड़ एवं सिविल वाद क्रमांक 106ए/22 राजेंद्र राठौर व सुनीता आदी में वादी की भूमि खसरा नंबर 24/7 रकबा 0.0730 ग्राम शेरपुर तहसील व जिला सीहोर में है। इस जमीन को लेकर सीमाकंन का आवेदन किया गया था, लेकिन समय पर सीमांकन नहीं हुआ। लंबे समय तक मामला अटका रहा। इसके बाद मामले में अपील की गई एवं कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। माननीय न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आदेश में कहा था कि आपके अधीनस्थ सक्षम अधिकारी को कमिश्नर नियुक्त कर 27 मई 2024 के पूर्व रिट ऑफ कमीशन प्राप्त कर, पक्षकारों को सूचना देकर मौके पर पहुंचकर सीमांकन कर सहमति नक्शा तैयार कर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इसके बावजूद तहसीलदार भारत नायक ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया। अब न्यायालय ने उनके विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया है एवं तलब करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि प्रकरण सीमांकन कार्यवाही दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रस्तुत की जाए। समय पर सीमांकन नहीं कराने पर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दीपेंद्र मालू ने आदेश जारी करते हुए तहसीलदार को 30 जनवरी तक सीमांकन कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला राखी सिकरवार द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सीहोर द्वारा लंबित रिट ऑफ कमीशन के तहत दो सिविल प्रकरणों से जुड़ा है।



**कलेक्टर को भी भेजी थी पत्र की प्रतिः** कोर्ट द्वारा भेजे गए पत्र की एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को भी भेजी गई थी, लेकिन इसके बाद भी मामले में कार्रवाई नहीं की गई। एक तरफ कलेक्टर लगातार राजस्व अमले की बैठकें लेकर उन्हें निर्देश दे रहे हैं कि पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाया जाए। सीमांकन, बंटाकन सहित अन्य कार्यों को समय पर किया जाए। पिछले दिनों भी कलेक्टर बालागुरू के ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की बैठक ली थी एवं दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद भी स्थिति नियंत्रण में नहीं है। सीहोर जिले में लगातार जमीनों से जुड़े विवाद सामने आ रहे हैं। इन विवादों के कारण कई बार लोगों की जानें भी चली गईं हैं। आए दिन जमीनों के विवादों में पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज हो रही हैं। इसके बाद भी मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### जमीन का सीमांकन कराया जाएगा

शेरपुर की जमीन के सीमांकन से जुड़ा मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। संबंधित जमीन में बंटान नहीं होने के कारण नक्शे बनाने में परेशानी आ रही है। बटान में भी रकबा बड़ा हुआ आ रहा है। अभी उस जमीन का बटान बना रहे है उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस संबंध में फाइल एसडीएम के पास भी है। माननीय न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है एवं नियम, प्रक्रिया के तहत जल्द ही जमीन का सीमांकन कराया जाएगा।

**भारत नायक,** तहसीलदार, तहसील सीहोर